

असम को आपके ध्यान और मदद की जरुरतः छेत्री

भारतीय फुटबॉल के कप्तान सुनील छेत्री ने भी इस पूर्वोत्तर राज्य की परेशानियों के लिए लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है। असम कोरोना के इस काल में कोविड–19 महामारी से भी जूझ रहा है। छेत्री ने ट्वीट किया था, प्रार्थनाओं के साथ ही असम को आपके ध्यान और मदद की जरुरत है ताकि वह बाढ़ से हुए नुकसान से उबर सके।

## बिहार और असम के बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे विराट और अनुष्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने बिहार और असम में बाढ़ पीड़ितों की मदद का फैसला किया है। कोहली ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया है कि वह और उनकी पत्नी, अभिनेत्री अनुष्का शर्मा तीन संगठनों की मदद करेंगे जो बाढ़ पीड़ितों के लिए खाना, राहत और अन्य सामान पहुंचाने का काम कर रहे हैं।
कोहली ने ट्वीट किया, 'हम असम और बिहार के लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं इसके साथ ही हम जरूरतमंदों की मदद के लिए शपथ भी लेते हैं। हम तीन संगठनों को मदद देंगें जो भोजन और अन्य राहत के क्षेत्र में जबर्दस्त काम कर रही हैं।
असम में बाढ़ से 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 16.5 लाख लोग इससे प्रभावित हुए हैं। वहीं बिहार में भी 38 लोग इस बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी असम के लोगों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की थीं। उन्होंने कहा था, मेरी संवेदनाएं असम के सभी खूबसूरत इनसानों के प्रति हैं। मैं उनसे मार्च में अपनी यात्रा के दौरान मिला था। इस समय वहां जानलेवा बाढ़ जिंदगियां तबाह कर रही है।

# 8 की जगह 10 नवंबर को हो सकता है आईपीएल का फाइनल

### वीकएंड पर होनी है आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक, हो सकता है फैसला

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल टूर्नामेंट के फाइनल की तारीख 8 नवंबर से बढ़ाकर 10 नवंबर करने पर विचार हो सकती है। इसके पीछे सभी हितधारकों– खासतौर पर प्रसारणकर्ता स्टार इंडिया– को दिवाली के सप्ताह का अधिक इस्तेमाल करने का मौका मिल सके। इस पर कोई आखिरी फैसला अगले तीन दिनों में होने वाले गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा। इस साल दिवाली 14 नवंबर को है। दो दिन बढ़ जाने का अर्थ यह है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए यूएई से सीधा उड़ान भरेगी और भारत नहीं आएगी।
आईपीएल की तारीखें 19 सितंबर से 8 नवंबर के बीच घोषित की गई थीं। बीते एक सप्ताह से इन्हीं तारीखों पर चर्चा हो रही है। हालांकि जब इस सप्ताहंत आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी, इसमें फाइनल को दो दिन आगे बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। इससे यह टूर्नामेंट 51 दिन से बढ़कर 53 दिन का हो जाएगा।



सूत्रों के मुताबिक प्रसारणकर्ता इस शेड्यूल से बहुत ज्यादा खुश नहीं है। और उसने इसे लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। स्टार का दिवाली के सप्ताह का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहता है। इसके बाद आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने इसे 26 के बजाय 19 सितंबर से करवाने का फैसला किया। इससे लीग 44 के बजाय 51 दिनों की हो गई।
अगर इस बार भी तारीख बढ़ाई जाती है तो यह पहला मौका होगा जब लीग का फाइनल रविवार को नहीं होगा। 10 नवंबर को मंगलवार है। लेकिन मामले को करीब से देख रहे लोगों का कहना है, 'दिवाली का पूरा सप्ताह ही वीकएंड होता है, तो इसमें कोई समस्या नहीं होगी।
बीसीसीआई के सूत्रों ने पहले कहा था कि फाइनल की तारीख को 8 से 10 नवंबर करना संभव नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए कमिटमेंट के चलते भारतीय टीम को आईपीएल के फौरन बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए निकलना है। यानी अब अगर तारीख बढ़ जाती है तो भारतीय टीम यूएई से टूर्नामेंट के बाद सीधा ऑस्ट्रेलिया के लिए निकल जाएगी। हालांकि पहले योजना थी कि वहां जाने से पहले खिलाड़ी भारत लौटेंगे।
मामले को करीब से देखने वाले सूत्र का कहना है, यहां तक कि वे खिलाड़ी जिनका कोई आईपीएल मैच बाकी नहीं है वे भी यूएई में ही रहेंगे और वहीं कैंप में प्रैक्टिस करेंगे। जैसे ही आईपीएल समाप्त होगा बाकी खिलाड़ी– जो नॉक आउट मैच खेलने में व्यस्त थे– बाकी टीम के साथ जुड़ जाएंगे और पूरी टीम वहां से एक साथ उड़ान भरेगी। इन सब फैसलों पर अभी हालांकि विचार ही हो रहा है और आखिरी फैसला गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा।

# हिंदुस्तान आया राफेल, सचिन तेंडुलकर ने भी कहा, 'जय हिंद'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से लैस राफेल फाइटर जेट विमान बुधवार को भारत की धरती पर पहुंच गया। इस विमान के भारतीय वायुसेना में शामिल होने से उसकी क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। भारतीय रक्षा सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। राफेल के भारतीय सेना में शामिल होने पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंडुलकर भी काफी खुश हैं। सचिन ने ट्वीट करके भारतीय वायुसेना को बधाई दी है।
उन्होंने लिखा, भारतीय वायुसेना



को अत्याधुनिक राफेल जेट के हमारे बेड़े में शामिल होने पर बधाई। हमारी रक्षा सेनाओं, जो अथक हमारे देश के आसमान की सुरक्षा कर रही हैं, के अपग्रेड की दिशा में यह बड़ा कदम है। जय हिंद। सचिन तेंडुलकर भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन के मानद पद पर तैनात हैं।
हिंडन में होने वाली वायुसेना परेड में सचिन अपनी सैन्य वर्दी में नजर आते हैं। क्रिकेटर मनोज तिवारी ने भी ट्वीट कर इस पर बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था कि राफेल के भारतीय वायुसेना में शामिल होने पर दुश्मन बुरी तरह हिल गए होंगे।
उन्होंने ट्वीट किया था, पड़ोसी देशों को जब पता चला होगा कि राफेल जेट्स भारत में पहुंच चुके हैं तो वहां 8.5 की क्षमता का भूकंप आया होगा हालांकि इसमें जान–मान का कोई नुकसान नहीं हुआ होगा। भारतीय वायुसेना के लिए यह बहुत हौसला बढ़ाने वाली बात है। मुझे पूरा यकीन है कि भविष्य में पड़ोसियों की ओर से उकसावे की कोई कार्रवाई नहीं होगी।

## 20 की टीम में 22 तो पेसर हैं, अख्तर का पाकिस्तानी टीम प्रबंधन पर निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने एक बार फिर टीम प्रबंधन को निशाने पर लिया है। पाकिस्तानी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए चुनी गई टीम में कई तेज गेंदबाजों को चुना है और इसी पर अख्तर ने सवाल उठाया है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट के स्पष्ट विचारों की कमी का सवाल उठाया है। शोएब अख्तर और पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान की संभावित टीम को लेकर चर्चा की। अख्तर से जब पूछा गया कि 5 अगस्त से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में अंतिम 11 में किस–किस खिलाड़ी को जगह मिल सकती है तो इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्हें कोई आइडिया नहीं है। उन्होंने 20 सदस्यीय टीम में ज्यादा तेज गेंदबाजों को चुने जाने पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि टीम में किसे जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने 20 लोगों की टीम की घोषणा की है। उन 20 में 22 फास्ट बोलर हैं। अब देखते हैं किसको जगह मिलती है। यह सब कैप्टन और टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है वह किस सोच के साथ जाना चाहते हैं।

## न्यूज डायरी



### रोहित–मयंक नंबर दो, पहले नंबर पर न्यूजीलैंड की टेस्ट ओपनिंग जोड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने मयंक अग्रवाल और रोहित शर्मा को मौजूदा टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सर्वश्रेष्ठ सलामी जोड़ी करार दिया है। उन्होंने पिछले एक–दो साल में सलामी जोड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए यह आकलन किया है। अपने यूट्यूब चैनल पर मौजूदा दौर में टेस्ट क्रिकेट में सलामी जोड़ियों की भूमिका को लेकर चोपड़ा ने यह बात कही। चोपड़ा ने हालांकि माना कि पहले के मुकाबले आजकल टेस्ट ओपनर्स का स्तर घटा है। इस दौरान उन्होंने बीते दौर की कुछ सफल सलामी जोड़ियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब हमारे पास दुनिया में बहुत अच्छी टेस्ट ओपनिंग जोड़ियां हुआ करती थीं– गौतम गंभीर– वीरेंदर सहवाग, मैथ्यू हेडन–जस्टिन लैंगर, ग्रॉर्डन ग्रीनिचर–डेसमंड हैंस, ऐलिस्टर कुक–ऐंड्रू स्ट्रॉस और ग्रीम स्मिथ–हर्शल गिब्स।

### आज तक नहीं मालूम कि मुझ पर बैन क्यों लगाया गया था: अजहरुद्दीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। आजीवन प्रतिबंध से निकलकर मोहम्मद अजहरुद्दीन का क्रिकेट जीवन अब सामान्य हो गया है। लेकिन भारत के पूर्व कप्तान का कहना है कि उन्हें वास्तव में नहीं पता कि उन पर प्रतिबंध क्यों लगाया। दिसंबर 2000 में बीसीसीआई ने मैच फिक्सिंग में शामिल होने को लेकर अजहर पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने 2012 में वह प्रतिबंध वापिस लिया। क्रिकेट पाकिस्तान.कॉम को दिए इंटरव्यू में अजहर ने कहा, 'जो कुछ हुआ, उसके लिए मैं किसी को दोषी नहीं ठहराना चाहता। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने लड़ने का फैसला किया और मुझे खुशी है कि 12 साल बाद मुझे पाक–साफ करार दिया गया। हैदराबाद क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने और बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में भाग लेने से मुझे बहुत संतोष मिला। भारत के लिए 99 टेस्ट में 6125 रन और 334 वनडे में 9378 रन बनाने वाले अजहर के नाम पर 2019 में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रखा गया।

### दानिश कनेरिया ने कहा– गर्व है हिंदू हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उमर अकमल के तीन साल के बैन को घटाकर 18 महीने का कर दिया जो दानिश कनेरिया को नागवार गुजरा। उन्होंने कहा कि उनकी दलीलों को उनके बैकग्राउंड व धर्म की वजह से इग्नोर कर दिया जाता है। कनेरिया दूसरे हिंदू हैं जिन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया था। उनके चाचा अनिल दलपत पाकिस्तान के लिए क्रिकेट खेलने वाले पहले हिंदू खिलाड़ी थे। दानिश कनेरिया हमेशा ही अपने बैन के खिलाफ अपील करते रहते हैं। इसके जवाब में हाल ही में 39 साल के कनेरिया को पीसीबी ने कहा था कि उन्हें इस मामले में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से बात करनी चाहिए। कनेरिया पर ईसीबी ने स्पॉट फिक्सिंग मामले में बैन लगाया था जब वो एसेक्स के लिए खेल रहे थे। कनेरिया ने अपने ट्विटर पर लिखा कि जीरो टॉलरेंस पॉलिसी सिर्फ दानिश कनेरिया पर ही लागू है दूसरों पर नहीं। मैं हिंदू हूं और मुझे इस पर गर्व है और यही मेरा बैकग्राउंड और मेरा धर्म है।

### टेस्ट के बाद अब होगा वनडे का रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व चैंपियन का खिताब जीतने के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर किसी वनडे मुकाबले में खेलने जा रही है। आयरलैंड के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार को खेला जाना है। भारतीय समय के मुताबिक यह मैच शाम 6.30 बजे शुरू होगा। कोरोना वायरस फैलने के बाद क्रिकेट पर लगे ब्रेक के बाद यह वनडे इंटरनेशनल की वापसी होगी। इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच खेली जाने वाली सीरीज के साथ ही आईसीसी के वनडे सुपर लीग की भी शुरुआत होने जा रही है। जिससे 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप में जगह बनाने वाली टीमों का फैसला होना है। इंग्लैंड ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जो बेहद सफल रहा अब इस वनडे सीरीज को आयोजित करने के लिए भी तमाम दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है।